Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 47 ◻ रायपुर, गुरूवार 12 मार्च 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र

गैस किल्लत पर गरमाया सदन, विपक्ष के हो-हंगामे के बीच स्थगित हुई सदन की कार्यवाही

रायपुर, 12 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान महँगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा मचाया. आसंदी ने स्थिति को देखते हुए सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी. सदन में गुरुवार को शून्यकाल में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने युद्ध के कारण गैस की कमी नहीं होने का आश्वासन दिया था, लेकिन गैस की क़िल्लत शुरू हो गई है. इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि यह मुद्दा राज्य का नहीं है, इसकी चर्चा यहाँ नहीं होनी चाहिए. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुद्दा भले ही केंद्र का है, लेकिन व्यवस्था तो राज्य सरकार को देनी होगी. राज्य की जनता सफर कर रही है. इसके साथ ही सदन में विपक्ष ने मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा किया. हो-हंगामे के बीच आसंदी ने सदन की कार्यवाही पाँच मिनट के लिए स्थगित की.

पांच मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित होने के बाद दोबारा विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा अजय चंद्राकर के घर खाना बन रहा हैं, ये केंद्र का विषय है. कालाबाजारी हो रही है. लोग सड़कों पर लोग लाइन में गैस के लिए सड़क में खड़े हैं. भूपेश बघेल ने कहा व्यवसायिक गैस तो बंद कर दिया गया है, शादी का सीजन है, आज की स्थिति में बैगर गैस खाना नहीं बन सकता है. हम सभी को गैस सिलेंडर की ज़रूरत है सभी लोग चिंतित हैं. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव है. लेकिन हमें अपने राज्य की समस्या पर चर्चा करना चाहिए. इस पर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव की माँग की, लेकिन आसंदी से स्थगन नहीं मिलने पर विपक्षी सदस्यों ने गर्भगृह में जाकर हंगामा शुरु कर दिया. इस पर विपक्ष के 35 सदस्य स्वमेंव निलंबित हो गए।

अस्पतालों से समाप्त की जाएगी कर्मचारियों की संलग्नता, स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने की घोषणा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन में जिला जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संलग्न को समाप्त किए जाने की घोषणा की. इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस बात की घोषणा विधायक प्रबोध मिंज के सवाल पर की. विधायक ने मंत्री से सरगुजा जिले अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पद एवं उनके विरुद्ध वर्तमान में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी, विधानसभावार उपलब्ध कराने के साथ, कौन-कौन से कर्मचारी कब से एवं कहां अन्यत्र संलग्न किए गए हैं ?, रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर कर्मचारी पदस्थ किए जावेंगे ?, सरगुजा जिले में भवनविहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी विधानसभावार उपलब्ध करावें एवं कब तक क्षेत्रों में भवन उपलब्ध करावेंगे ?

घरघोड़ा फारेस्ट रेंज में कुरकुट नदी में तैरती मिली 2 हाथियों की लाश, मौके पर पहुंचे अफसर

रायगढ़, 12 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के घरघोड़ा फारेस्ट रेंज 2 हाथियों की लाश कुरकुट नदी में तैरती मिली। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में लगभग 19 हाथियों का झुंड घूम रहा था। बुधवार को ग्रामीणों ने देखा कि कुरकुट नदी के पास कक्ष क्रमांक 1273 ऋत्र के पास दो हाथी मृत पड़े हैं। ग्रामीणों ने तुरंत वन अमला को इस बारे में सूचना दी। इसके बाद घरघोड़ा के प्रभारी रेंजर और अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे और हाथियों के शव को बाहर निकालने के लिए प्रयास शुरू किए। बताया गया है कि एक शव को निकाल लिया गया है, जिसकी उम्र लगभग 5 साल बताई जा रही है। वहीं दूसरा शव नदी में थोड़ी दूर है, उसे निकालने की कोशिश जारी है। हाथियों के शवों को बाहर निकालकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। डॉक्टरों की टीम मौके पर मौजूद है। मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम भी मौजूद है, लेकिन जांच में अभी तक किसी मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं चला।

संभावना जताई जा रही है कि हाथियों की नहाते या नदी को पार करते समय डूबने से मौत हुई होगी। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण पता चल सकेगा। घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर विक्रांत कुमार ने बताया कि नदी में दो हाथी मृत पड़े होने की सूचना मिली थी। इनमें से एक शव को बाहर निकाल लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली वजह सामने आएगी।

ब्रेकिंग न्यूज

लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी, नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका: ओम बिरला

नई दिल्ली, 12 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आज पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों।

ओम बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा 'यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है।' उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है।

ईरान में तनाव के बीच होर्मुज पार कर मुंबई पहुंचा तेल टैंकर, भारतीय कैप्टन के हाथ कमान

नई दिल्ली, 12 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एक लाइबेरियाई ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर, जिसकी कमान एक भारतीय कप्तान के हाथ में थी, रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर सुरक्षित रूप से मुंबई बंदरगाह पहुंच गया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार यह टैंकर सऊदी अरब के रास तनुरा बंदरगाह से कच्चा तेल लेकर आया था। मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि शेनलोंग सुएजमैक्स नाम का यह टैंकर बुधवार को मुंबई पोर्ट पर पहुंचा। जहाज 1 मार्च को सऊदी अरब के रस तनुरा पोर्ट से रवाना हुआ था और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय उसे ईरानी अधिकारियों से औपचारिक अनुमति मिली थी।

बिरादरी की बात

चूहा- ममता बेनर्जी कह रही हैं कि राष्ट्रपति को राजनीतिक विवादों से दूर रहना चाहिए।

चुहिया- हां जी, वैसा नहीं राष्ट्रपति ही गैर राजनीतिक व्यक्तियों को बनाना चाहिए।

संसद में उठा फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग का मुद्दा

खरगे के तीखे सवाल, नड्डा बोले- विपक्ष के ऐसे बयान निंदनीय

नई दिल्ली, 12 मार्च (देशबन्धु)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले का मुद्दा संसद में उठा। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाए कि फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा खतरे हैं और जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया जाना इसका प्रमुख कारण है। हालांकि, कांग्रेस के आरोपों और फारूक अब्दुल्ला पर हमले को लेकर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सदन में जवाब दिया।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा 'फारूक अब्दुल्ला पर हमला हुआ है। उनकी सुरक्षा खतरे में है। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा था। अब वहां की पुलिस और सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री के पास होने से आज जम्मू-कश्मीर में ऐसी हालत है। जम्मू-कश्मीर से कानून व्यवस्था खत्म हो रही है और प्रमुख नेताओं को मारने का मंसूबा है। फारूक अब्दुल्ला को भी इस तरह मार दिया गया होता। उनके सुरक्षाकर्मियों ने उनकी जान बचाई।' कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार का फारूक अब्दुल्ला को मारने का इरादा है। अगर उनको सुरक्षित रखना चाहते थे, तो फुल सिक्योरिटी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के बाद ही लोग सुरक्षित रह सकते हैं। केंद्र सरकार के हाथ में कश्मीर के लोग सुरक्षित नहीं है। क्योंकि सरकार का एक मंसूबा है कि जो लोग धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और देश को एक करने की कोशिश कर रहे हैं, उनको खत्म करना है।

इस पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा 'बुधवार रात फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला हुआ। यह बहुत ही चिंता का विषय है और गंभीर मामला है। भारत सरकार इस घटना को लेकर बहुत गंभीर है। मैं सरकार की ओर से इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि इस घटना की पूरी जांच की जाएगी। गिरफ्तार आरोपी के मंसूबों के बारे में गहराई से पता किया जाएगा। इस तरह की घटना दोबारा न हो और फारूक अब्दुल्ला के जीवन की रक्षा से जुड़ा हर कदम जरूर उठाया जाएगा।'

इसी बीच, जेपी नड्डा ने मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को लेकर कांग्रेस की निंदा करते हुए कहा कि हर घटना को राजनीतिक चश्मे से देखना और उसे राजनीतिक रूप देना उचित नहीं है। पूर्व राज्य का दर्जा नहीं मिला, इस कारण यह घटना हुई, इस निष्कर्ष पर पहुंचना और सरकार पर गंभीर आरोप लगाना निंदनीय है। जेपी नड्डा ने अपने जवाब में आगे कहा कि विपक्ष के नेता की ओर से यह कहना कि सरकार का मंसूबा उनकी (फारूक) की जान लेना है। इस पर मेरा कहना है कि यह कांग्रेस की सोच का नतीजा है। हमेशा से कांग्रेस के मंसूबे इसी तरह के रहे हैं। विपक्ष ने सरकार के समय जम्मू-कश्मीर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की संदेहास्पद मौत पर कभी जवाब नहीं दिया।

रांची से रायपुर आ रही बस में लगी भीषण आग

■बाल-बाल बचे यात्री

जशपुर, 12 मार्च (हाईवे चैनल)। रांची से व्हाया जशपुर रायपुर के लिए चलने वाली शिवनाथ बस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई जब बस रांची के खडगरहा बस स्टेंड से रवाना होने के बाद नामकुम क्षेत्र में रिंग रोड पर पहुंची थी।

बताया जा रहा है कि बस में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरी बस धू-धू कर जलने लगी। बस में आग लगते ही चालक ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत यात्रियों को बताया और बस को सड़क के किनारे रोक दिया। इसके बाद सभी यात्रियों को जल्द से जल्द बस से नीचे उतार दिया गया। चालक की सूझबूझ और समय रहते किए गए प्रयासों के कारण बस में सवार सभी यात्रियों की जान बच गई और बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में बस पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। आग के कारण बस में रखा यात्रियों का सामान भी जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें और धुएं का गुबार काफी दूर से दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस व दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

जम्मू में हत्या की कोशिश के बाद फारूक अब्दुल्ला का पहला रिएक्शन, पिता से मिले उमर

जम्मू-कश्मीर, 12 मार्च (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक शादी समारोह के दौरान जानलेवा हमला हुआ। हमलावर ने पीछे से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन फारूक अब्दुल्ला बाल-बाल बच गए। इस घटना के बाद पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि 'अल्लाह ने मुझे बचा लिया।'

यह घटना शहर के बाहरी इलाके ग्रेटर कैलाश में एक शादी समारोह के दौरान हुई। जब फारूक अब्दुल्ला कार्यक्रम से निकल रहे थे, तभी कमल सिंह जामवाल नामक एक व्यक्ति ने कथित तौर पर उन पर गोली चलाने का प्रयास किया। हालांकि, गोली अब्दुल्ला को नहीं लगी और वे सुरक्षित रहे। हमलावर को तुरंत पकड़ लिया गया।

इस घटना ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। एक प्रमुख राजनीतिक हस्ती पर इस तरह का हमला चिंता का विषय है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और हमलावर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

घटना के बाद, फारूक अब्दुल्ला ने शांत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह ईश्वर की कृपा थी कि वे सुरक्षित बच गए। उन्होंने इस घटना को लेकर किसी भी तरह की विस्तृत जानकारी देने से परहेज किया।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अपने पिता और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले के बाद उनसे मिलने पहुंचे हैं। बुधवार देर रात एक शादी समारोह में फारूक अब्दुल्ला पर हमला हुआ था। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी इस हमले पर चिंता जताई और कहा कि यह जानकर राहत मिली कि वह सुरक्षित हैं।

ट्रेलर की चपेट में आने से सुपरवाइजर की मौत

कोरबा, 12 मार्च (हाईवे चैनल)। एसईसीएल की दीपका खदान के पास ट्रेलर की चपेट में आने से एक कोयला व्यापारी के सुपरवाइजर की मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच कर रही है। घटना मंगलवार रात 8.30 बजे हुई। मृतक की शिनाख्त अरविंद भदौरिया (33) रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरपुर का रहने वाला था। वर्तमान में वह दीपका के ज्योति नगर में रहकर वहां कोयला व्यापारी बृजेश सिंह के यहां सुपरवाइजर का काम कर रहा था। घटना के समय वह काम कर जा रहा था, इस दौरान दीपका खदान के पास मार्ग पर ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चला उसे चपेट में ले लिया।

स्टॉक खत्म होने की डर से लोगो में गैस सिलेण्डर लेने की मची होड़

अपवाहो के चलते सिलेण्डर लेने मची हड़बड़ी, लोग कर रहे जरुरत से ज्यादा सिलेण्डर की रिफलिंग जिससे बिगड़ने लगी है और स्थिति कमर्शियल सिलेण्डर की सप्लाई प्रभावित, फिलहाल घरेलु सिलेण्डरों की हो रही डिलीवरी

धमतरी 12 मार्च (हाईवे चैनल)। ईरान, इजराईल-अमेरिका युद्ध का असर गैस सिलेण्डर की सप्लाई पर नजर आ रहा है। हालांकि अब तक घरेलु गैस सिलेण्डर की सप्लाई बाधित नहीं हुई है। लेकिन लोगो में सप्लाई व स्टॉक खत्म होने की अपवाहो के चलते सिलेण्डर लेने हड़बड़ी मच गई है जिससे स्थिति बिगड़ने लगी है।

बता दे कि सरकार द्वारा स्थिति को देखते हुए कमर्शियल सिलेण्डरों की सप्लाई के स्थान पर घरेलु सिलेण्डरो की सप्लाई को विशेष प्राथमिकता दी है। जिसके चलते कमर्शियल सिलेण्डरो की सप्लाई तो प्रभावित हुई है। लेकिन घरेलु सिलेण्डर फिलहाल उपभोक्ताओं को मिल रहा है। लेकिन लोगो में भविष्य में सिलेण्डर सप्लाई नहीं होने की अफवाह तेजी से फैल रही है। नतीजन लोगो में सिलेण्डर लेने की होड़ मची हुई है। हालांकि जहां पहले बुकिंग के 1-2 दिन के भीतर ही सिलेण्डर की डिलीवरी हो जाती थी वहां अब सप्ताह भर या उससे ज्यादा का भी समय लग रहा है। गैस कंपनियों के अधिकारियों के साथ ही सरकार द्वारा लगातार लोगो को आश्वसन दिया जा रहा है कि घरेलु गैस की सप्लाई प्रभावित नही होगी। लोग अफवाहो पर ध्यान न दे।

लोग करने लगे स्टॉक, इससे ज्यादा बिगड़ सकती है स्थिति

लोगो में चर्चा व अफवाह है कि यदि युद्ध लंबा चला तो निकट भविष्य में सिलेण्डर के साथ ही पेट्रोल डीजल की सप्लाई भी बाधित हो सकती है। ऐसे में लोग गैस सिलेण्डर का स्टाक करने लगे है। लोग जरुरत से ज्यादा सभी सिलेण्डरों को भराकर रख रहे है। इससे एकाएक डिमांड बढ़ गई है। जिसके चलते स्थिति और बिगड़ने लगी है।

बुकिंग करते ही सिलेण्डर लेने पहुंच रहे एजेंसी में

लोगो में गैस सिलेण्डर की किल्लत की खबरे डर का माहौल बना रही है। ऐसे में जिन्हें तत्काल सिलेण्डर की आवश्यकता नहीं है वह भी सिलेण्डर की बुकिंग करा रहे है। बुकिंग के पश्चात अगले दिन ही गैस एजेंसी पहुंचकर सिलेण्डर की मांग करने लगे है। जिसके चलते एजेंसी में उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ने लगी है।

25 दिन के पहले ही बुकिंग हेतु लोग कर रहे बार-बार प्रयास

कुछ उपभोक्ताओं द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि कुछ कंपनी में अब आनलाईन होने वाले सिलेण्डर बुकिंग में भी कई प्रकार की समस्या आ रही है। कई बार बुकिंग के प्रयास के बाद ही बुकिंग हो पा रही है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि पहले कभी भी सिलेण्डर की बुकिंग हो पा रही थी लेकिन अब डिलीवरी के 25 दिन बाद ही अगली बुकिंग हो रही है। और लोग समय से पहले ही बुकिंग हेतु बार-बार प्रयास कर रहे है।